Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 17-08-2006

Participants : Mohale Shri Punnulal

>

Title: Need to extend local train service running between Chirmiri and Bilaspur upto Raipur and Drug in Chhattisgarh.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर चिरमिरी से चलने वाली गाड़ी की तरफ आपका ध्यान आकर्ति करना चाहूंगा। चिरमिरी से बिलासपुर लोकल ट्रेन चलती है, जो लगभग 6 बजे चिरमिरी से छूटती है और 4 बजकर 30 मिनट पर बिलासपुर पहुंचती है। बिलासपुर में वह 16 घंटे खड़ी रहती है और रात्रि को पुनः 9 बजकर 30 मिनट पर फिर बिलासपुर से चिरमिरी की ओर जाती है। वहां एक और ट्रेन अंबिकापुर से बिलासपुर चलती है। 15 अगस्त से सरकार ने उस ट्रेन को बिलासपुर से रायपुर राजधानी तक चलाने की अनुमति दे दी है। चिरमिरी बिलासपुर के संबंध में लंबे समय से मांग है और वहां के लोग इसके लिए कई बार आंदोलनरत हो चुके हैं और अभी भी आंदोलन हो रहे हैं कि जो ट्रेन 16 घंटे खड़ी रहती है, चिरमिरी से बिलासपुर, बिलासपुर से उसे रायपुर दुर्ग राजधानी तक जोड़ा जाए, जिससे आसपास के दस लाख लोगों को सुविधा मिलेगी, जो वहां 16 घंटे रूके रहते हैं।

महोदय, मैं यह भी बताना चाहूंगा कि अंबिकापुर से बिलासपुर दुर्ग तक जो ट्रेन आगे बढ़ायी गयी है, उसके बीच में अनूपपुर स्टेशन पड़ता है और चिरमिरी से बिलासपुर चलने वाली ट्रेन को भी अनूपपुर से गुजरना पड़ता है। अगर इस तरह न करके, अंबिकापुर में दो घंटे का गैप देकर दोनों गाड़ी एक-डेढ़ घंटे के अंतराल पर चलायी जाएं, तो सीधे रायपुर तक जाने में लोगों को सुविधा होगी। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं कि चिरमिरी से बिलासपुर लोकल ट्रेन को रायपुर दुर्ग तक बढ़ाया जाए। पिछली बार जब हमने प्रश्न किया था, तो ट्रैक नहीं होने के कारण इसे नहीं बढ़ाये जाने की जानकारी माननीय मंत्री जी की तरफ से हमें दी गयी थी। अब मैं मांग करना चाहूंगा कि वहां अब ट्रैक वगैरह की सुविधा हो चुकी है, बिलासपुर से चिरमिरी बिलासपुर ट्रेन को रायपुर दुर्ग तक ले जाने की मैं मांग करता हूं। कृपया केंद्र सरकार इसके ऊपर ध्यान दे।

इसी आशा के साथ मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं।